Focus Area Based

# SSLC Top Test Series

Test -04

## HINDI

(Unit : 1)

Std. 10

Time : 45 Mnts
Score : 20

- **निर्देश** : सभी प्रश्नों के उत्तर लिखें।

### (Type - A)

**सूचनाः 'बीरबहूटी' कहानी का अंश पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

"ये क्या हो गया बेला" साहिल ने परेशान होते हुए पूछा।
"छत से गिर गई।" बेला ने हँसते हुए कहा।
"बहुत दिन हो गए, आज खेल घंटी में गांधी चौक में लंगड़ी टाँग खेलेंगे।"

1. बच्चे कहाँ लंगड़ी टाँग खेलते थे? 1
2. बच्चे बेला को 'सफ़ेद पट्टी' क्यों कहते थे? 2
3. प्रस्तुत प्रसंग के आधार पर पटकथा का एक दृश्य लिखें। **(अथवा)** बेला और साहिल की दोस्ती पर टिप्पणी लिखें। 4

**सूचनाः 'टूटा पहिया' कवितांश पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

तब मैं
रथ का टूटा हुआ पहिया
उसके हाथों में
ब्रह्मास्त्रों से लोहा ले सकता हूँ
मैं रथ का टूटा हुआ पहिया हूँ
लेकिन मुझे फेंको मत।

4. टूटा पहिया किसका प्रतीक है? (युद्ध का, उच्च मानव का, तुच्छ मानव का) 1
5. 'लोहा लेना' से क्या मतलब है? 1
6. कवितांश पर टिप्पणी लिखें। 4

**सूचनाः 'हताशा से एक व्यक्ति बैठ गया था' पाठ का अंश पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

सड़क पर घायल पड़े व्यक्ति को देखकर क्या हम कह सकते हैं कि उसे हम नहीं जानते? वास्तव में हम जानते हैं कि वह व्यक्ति मुसीबत में है और इसे हमारी मदद की ज़रूरत है।

7. 'सहायता' का समानार्थी शब्द चुनें। 1
8. 'हम' के बदले 'मैं' का प्रयोग करके वाक्य का पुनर्लेखन करें। **हम जानते हैं कि वह व्यक्ति मुसीबत में हैं।** 1
9. 'जानना' शब्द का असली आधार क्या है? 2

**सूचनाः सही मिलान करें।** 3

10.
- साहिल की चोट — व्यक्ति
- घायल — उच्च मानव
- अभिमन्यु — बीरबहूटी का रंग

### (Type - B)

**सूचनाः 'टूटा पहिया' कवितांश पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

इतिहासों की सामूहिक गति
सहसा झूठी पड़ जाने पर
क्या जाने
सच्चाई टूटे पहियों का आश्रय ले।

1. टूटा पहिया किसका प्रतीक है? 1
2. 'सहारा' का समानार्थी शब्द लिखें। 1
3. कवितांश का आशय लिखें। 4

**सूचनाः 'बीरबहूटी' कहानी का अंश पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

"तुम्हारी आँखों में आँसू क्यों आ रहे हैं बेला"?

"मुझे क्या पता।" बेला ने डबडबाई आँखों से हँसते हुए कहा।

4. 'तुम्हारी' में प्रयुक्त सर्वनाम कौन-सा है? (तू, तुम, हम) **1**
5. बेला की आँखों में आँसू क्यों आ रहे थे? **2**
6. प्रस्तुत प्रसंग पर पटकथा का एक दृश्य लिखें। **(अथवा)** दोनों के बीच का वार्तालाप लिखें। **4**

**सूचनाः 'हताशा से एक व्यक्ति बैठ गया था' अंश पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

यह कविता जानना शब्द के रूढ़ीग्रस्त अर्थ को पूरी तरह से बदल देती है। इस कविता की पहली दो पंक्तियों में ही कवि अपनी पूरी बात कह देता है।

7. 'कवि' के बदले 'कवयित्री' का प्रयोग करके वाक्य का पुनर्लेखन करें। **कवि अपनी पूरी बात कह देता है।** **1**
8. 'जानना' शब्द का सही अर्थ क्या है? **2**

**सूचनाः सही मिलान करें।** **4**

9.
- चलती बीरबहूटियाँ — अभिमन्यु
- साहिल की आँखें — व्यक्ति
- हताशा — खून की प्यारी बूँदें
- दुस्साहसी — बीरबहूटी की तरह लाल

**(Type - C)**

**सूचनाः 'बीरबहूटी' कहानी का अंश पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

कस्बे की लगभग सूनी तंग गलियाँ। गलियों में खामोश खड़े बिजली के खंभे। खंभों के बीच खिंची तार के कतारें। इन गलियों में जहाँ-तहाँ दिखाई पड़ते मीठी घंटियाँ बजाते फेरीवाले।

1. 'तंग गलियां' में 'तंग' शब्द .......... है। (विशेषण, सर्वनाम, क्रिया) **1**
2. कस्बे की गलियाँ कैसी होती है? **1**
3. सही प्रस्ताव चुनें। **1**
   - गलियों में बिजली के खंभे हैं। • गलियों में पुलिसवाले हैं। • गलियों में कई लोग हैं।
4. बेला और साहिल की दोस्ती के बारे में एक टिप्पणी लिखें। **4**

**सूचनाः 'हताशा से एक व्यक्ति बैठ गया था' पाठ का अंश पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

वास्तव में हम जानते हैं कि वह व्यक्ति मुसीबत में है और इसे हमारी मदद की ज़रूरत है। यह कविता मनुष्य को मनुष्य की तरह 'जानने' की याद दिलाती है।

5. मुसीबत में पड़े व्यक्ति को किसकी ज़रूरत होती है? (सहानुभूति की, मदद की, हताशा की) **1**
6. यह कविता हमें क्या याद दिलाती हैं? **1**
7. यहाँ 'जानना' से क्या तात्पर्य है? **2**

**सूचनाः 'टूटा पहिया' कवितांश पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

मैं
रथ का टूटा पहिया हूँ
लेकिन मुझे फेंको मत
क्या जाने, कब
इस दुरूह चक्रव्यूह में
अक्षौहिणी सेनाओं को चुनौती देता हुआ
कोई दुस्साहसीं अभिमन्यु आकर घिर जाए।

8. कौरव किसके पक्ष में लड़ रहे थे? **1**
9. किसने अक्षौहिणी सेनाओं को चुनौती दी थी? **1**
10. कवितांश पर टिप्पणी लिखें। **4**

**सूचनाः सही मिलान करें।** **3**

11.
- अभिमन्यु — सामना करना
- टूटा पहिया — उच्च मानव
- लोहा लेना — उपेक्षित मानव

Focus Area Based

# SSLC Top Test Series

Test -22

Std. 10

## HINDI

Time : 45 Mnts
Score : 20

(आई एम कलाम के बहान, सबसे बडा शो मैन)

- **निर्देश** : सभी प्रश्नों के उत्तर लिखें।

### (Type - A)

**सूचनाः 'आई. एम कलाम के बहाने' पाठ का अंश पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

डिब्बे में राजमा देखते ही बाँछें खिल जाती थी। हमारा सौदा था खेल घंटी में खाने की अदला बदली का।

1. 'बाँछें खिलना' का क्या मतलब है? **1**
2. कौन छाछ का डिब्बा लाया करता था? **1**
3. मिहिर खाने के लिए क्या लाया करता था? **1**
4. प्रस्तुत प्रसंग पर पटकथा का एक दृश्य लिखें। **4**

**सूचनाः 'आई. एम कलाम के बहाने' पाठ का अंश पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

फिल्म में कलाम दिल्ली पहुँचता है और उसे अपनी पसंद के स्कूल जाने का मौका भी मिलता है।

5. 'उसे' में प्रयुक्त सर्वनाम कौन-सा है? (यह, ये, वह, वे) **1**
6. कलाम दिल्ली क्यों पहुँचता है? **1**
7. आपके स्कूल में आई.एम. कलाम फिल्म की प्रदर्शिनि होने वाली है। इसके लिए पोस्टर तैयार करें। **3**

**सूचनाः 'सबसे बड़ा शो मैन' जीवनी का अंश पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

गाना अभी आधा ही हुआ था कि स्टेज पर
पैसों की बौछार शुरु हूई। चार्ली ने गाना रोक दिया और घोषणा की कि पहले मैं ये पैसे बटोरूंगा और उसके बाद ही गाऊँगा।

8. पैसों की बौछार क्यों हुई थी? **1**
9. चार्ली किसके बदले स्टेज में आया था? **1**
10. प्रस्तुत प्रसंग के आधार चार्ली की माँ की डायरी कल्पना करके लिखें। **(अथवा)** **4**
    प्रस्तुत प्रसंग के आधार पर माँ की सहेली के नाम पत्र कल्पना करके लिखें।

**सूचनाः सही मिलान करें।** **3**

11. 
- रणविजय - ढाणी में काम करनेवाला
- छोटू - चाय की दुकान का मालिक
- भाटी सा - राणा का बेटा

### (Type - B)

**सूचनाः 'आई. एम कलाम के बहाने' पाठ का अंश पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

फिल्म में हमारे नायक का असल नाम कलाम नहीं है। ढाणी पर काम करनेवाले और बच्चों की तरह उसे भी छोटू कहकर बुलाते है।

1. 'उसे' में प्रयुक्त सर्वनाम कौन-सा है? (वह, वे, यह, ये) **1**
2. छोटू किसकी दूकान पर काम करता था? **1**
3. छोटू के चरित्र पर टिप्पणी लिखें। **4**

सूचनाः **'आई. एम कलाम के बहाने' पाठ** का **अंश पढ़ें** और **प्रश्नों** के उत्तर लिखें।

लेकिन मैं समझ नहीं पाता कि मोरपाल बिना नागा रोज़ स्कूल क्यों चले आते? उनका स्कूल को लेकर प्रेम इतना गहरा था कि रविवार की छुट्टी के दिन उनके लिए हफ़्ते का सबसे बुरा दिन हुआ करता।

4. 'बिना नागा' का क्या मतलब है? **1**
5. 'बुरा दिन' - यहां 'बुरा' शब्द ............ है। **1**
6. मान लें आपके विद्यालयमें 'आई.एम. कलाम' फिल्म की प्रदर्शिनि हो रही है। इसके लिए पोस्टर तैयार करें। **4**

**सूचनाः 'सबसे बडा शौमैन' जीवनी का यह अंश पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

चार्ली को वह अकसर अपने साथ थिएटर ले जाती थी। उस दिन भी परदे के पीछे खड़ा वह आवाज़ के तमाशे को देख रहा था। माँ और मैनेजर में बहस होते देख वह वहाँ गया।

7. माँ को स्टेज से क्यों हटना पड़ा था? **1**
8. लोग क्यों पैसे बरसने लगे? **1**

**सूचनाः सही मिलान करें।** **3**

9.
- मोरपाल - भाटी सा का नौकर
- रणविजय - एक गरीब बालक
- छोटू - ढाणी के राणा का बेटा

**(Type - C)**

सूचनाः **'सबसे बड़ा शौ मैन' जीवनी का** अंश **पढ़ें और प्रश्नों** के उत्तर लिखें।

गाते-गाते अचानक माँ की आवाज़ फटकर फुसफुसाहट में तब्दील हो गई। लोगों के लगा कि माइक में कुछ खराबी आ गई है।

1. 'तब्दील होना' - समानार्थी शब्द लिखें। (बदलना, रोना, वापस जाना)
2. बाद में माँ के बदले कौन स्टेज पर आया था? **1**
3. माँ और मैनेजर के बीच का वार्तालाप लिखें। **4**

सूचनाः **'आई. एम कलाम के बहाने'** पाठ का अंश पढ़ें और **प्रश्नों के उत्तर** लिखें।

मैं स्कूल जाने में रोया करता। रोज़ नए बहाने बनाया करता और जब तेज़ बारिश के दिनों में स्कूल के रास्ते में पानी भर जाने से छुट्टी हो जाया करती।

4. सही प्रस्ताव चुनें। **1**
   - मोरपाल स्कूल जाने में रोया करता था।
   - मिहिर स्कूल जाने में रोया करता था।
   - छोटू स्कूल जाने में रोया करता था।
5. स्कूल में कब छुट्टी हो जाया करता था? **1**
6. मिहिर के चरित्र पर टिप्पणी लिखें। **4**

सूचनाः **'सबसे बड़ा शो मैन' पाठ** का अंश पढ़ें और **प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

कई लोगों ने माँ से हाथ मिलाकर उसके छोटे बच्चे की तारीफ़ की।चार्ली स्टेज पर पहली बार आया और माँ आखिरी बार ............

7. लोगों ने माँ से क्यों हाथ मिलाया था? **1**
8. प्रस्तुत प्रसंग पर रपट लिखें। **4**

**सूचनाः सही मिलान करें।** **3**

9.
- मोरपाल - मेहनती लड़का
- मिहिर - गाँव से सइकिल पर आता था।
- छोटू - अमीर परिवार का लड़का।